<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

राजकोट अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा से नियमित यात्री सेवा प्रारंभ

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 27 जुलाई, 2023 को राजकोट अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया गया था।

नई दिल्ली, 11 सितंबर, 2023: इंदौर से पहली उड़ान के आगमन के साथ 10 सितंबर, 2023 को गुजरात के नव निर्मित राजकोट अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान प्रचालन आरंभ हो गया है। गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन समारोह और पारंपरिक 'वाटर कैनन सैल्यूट' के साथ यात्री विमान का स्वागत किया गया। पहले दिन 11 उड़ानें संचालित हुईं और 2546 यात्रियों ने नए हवाई अड्डे से यात्रा की।

राजकोट (गुजरात) के हीरासर में नया अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, गुजरात के पश्चिमी क्षेत्र को शेष भारत और विश्व से जोड़ने वाले महत्वपूर्ण प्रवेश द्वारों में से एक है, जिसका उद्घाटन 27 जुलाई, 2023 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ; श्री भूपेन्द्रभाई पटेल, गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री; श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया, माननीय केंद्रीय नागरिक विमानन एवं इस्पात मंत्री तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामय उपस्थिति में किया गया।

हवाई अड्डे का टर्मिनल भवन व्यस्तम समय में 500 यात्रियों को सेवा देने में सक्षम है; इसके अतिरिक्त हवाई अड्डे की टर्मिनल क्षमता को व्यस्ततम समय में 2800 यात्रियों और सालाना 35 लाख यात्रियों की क्षमता तक बढ़ाया जाएगा। हवाई अड्डे का 3040 मीटर लंबा रनवे 24x7 प्रचालन की सुविधा के लिए उपकरण अवतरण प्रणाली (आईएलएस) से सुसज्जित है। अधिक उड़ानों की आवश्यकता को पूरा करने हेतु यह हवाई अड्डा 14 विमानों की पार्किंग के लिए उपयुक्त है।

राजकोट का नया हवाई अड्डा आधुनिक तकनीक और संधारणीय सुविधाओं का मिश्रण है जो न केवल यात्रा को आसान बनाएगा, बल्कि कार्बन उत्सर्जन को कम करने में भी मदद करेगा।

नए हवाई अड्डे के टर्मिनल की बनावट राजकोट की सांस्कृतिक जीवंतता से प्रेरित है तथा यह अपने बाहरी अग्रभाग और शानदार आंतरिक सज्जा के माध्यम से लिप्पन कला से लेकर डांडिया नृत्य तक के कला रूपों को दर्शाता है।

राजकोट में गुजरात का दूसरा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, राजकोट और सौराष्ट्र के आसपास के क्षेत्रों में आने वाले अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए सीधी संपर्कता (कनेक्टिविटी) प्रदान करेगा तथा क्षेत्र के व्यापार, पर्यटन, शिक्षा, भारी व लघु उद्योगों को बढ़ावा देगा।

निगमित संचार निदेशालय, भा.वि.प्रा द्वारा जारी

अधिक विवरण के लिए कृपया संपर्क करें:

महाप्रबंधक (नि. सं)

011-24622787

प्रेस विज्ञप्ति संख्या. 16/2023-24